BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI, LUDHIANA

Class II **Hindi Assignment**

Answer Key

Name:______________________section:_______________Rollno:___________

1) अपठित गद्यांश

कुछ भूखे कबूतरों ने जंगल में एक जगह बाजरे के दाने बिखरे देखें। वे नीचे उतरने लगे। एक बूढ़े कबूतर ने उन्हें रोका-"जंगल में दाने कहाँ से आए?" पर वे नहीं माने और नीचे उतरने लगे। दाना चुगते हुए वे जाल में फँस गए। बूढ़ा कबूतर बोला –"घबराओ मत, एकता में शक्ति होती है। एक साथ ज़ोर लगाओ और जाल को ले उड़ो।" कबूतर जाल ले उड़े। बूढ़ा कबूतर उन्हें अपने मित्र चूहे के पास ले गया जिसने अपने तीखे दाँतों से जाल काट दिया।

प्र०1- कबूतरों ने जंगल में क्या देखा?

उ०- बाजरे के दाने

प्र०2- बूढ़े कबूतर की बात न मानने पर क्या हुआ?

उ०- कबूतर जाल में फँस गए

प्र०3-चूहे ने जाल कैसे काटा?

उ०- अपने तीखे दाँतों से

प्र०4- वचन बदलो-

दाना- दाने चूहा-_चूहे

प्र०5- निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखो-

वन-जंगल . दोस्त-_मित्र

प्र०6 गद्यांश में से दो-दो संज्ञा तथा सर्वनाम शब्द ढूँढकर लिखो-

संज्ञा-कबूतर, बाजरा, दाना, जाल, चूहा, मित्र

सर्वनाम- वे, उन्हें, अपने

प्र0-7 ऊपर दिए गद्यांश को पढ़कर क्या सीख मिलती है?

उ0- एकता में शक्ति होती है।

2) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करो-

1.कल में विद्यालय जाऊँगा।

2.उसने एक चित्र बनाया।

3.आज मेरा जन्मदिन है।

4.यह अनन्या का बगीचा है।

5.हम अपनी नानी के घर जा रहे हैं।

3)निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाओ-

1• क्या तुम भी खेलोगे?

2• खुशी ने अपना गृहकार्य कर लिया है।

3• नेहा, रमन और अक्षय कल घूमने जाएँगे।

4• तुम कौन-सी कक्षा में पढ़ते हो ?

5• मेरे पिता जी बाज़ार से रसगुल्ले, समोसे, बर्फी आदि लाए।

6• लड़के मैदान में खेल रहे हैं।